# क्षमता निर्माण आयोग की नई अध्यक्ष

## चर्चा में क्यों?

श्रीमती **एस. राधा चौहान** ने नई दिल्ली में क्षमता निर्माण आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने श्री **आदिल जैनुल भाई** का स्थान लिया, जो अप्रैल 2021 से इस पद पर थे।

- श्रीमती चौहान **उत्तर प्रदेश कैडर** (1988 बैच) की सेवानिवृत्त IAS अधिकारी हैं और उन्होंने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) की सचिव के रूप में भी कार्य किया है।

## मुख्य बिंदु

## क्षमता निर्माण आयोग के बारे में:

- क्षमता निर्माण आयोग (CBC) पूर्ण कार्यकारी प्राधिकार वाला एक स्वायत्त निकाय **है, जो अप्रैल 2021 से कार्यरत है।**
- यह एक **तीन सदस्यीय आयोग है, जिसे** एक सचिव की अध्यक्षता वाले आंतरिक सचिवालय द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।
- आयोग के सदस्य निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत, सार्वजनिक क्षेत्र और **नागरिक समाज** जैसी विविध पृष्ठभूमियों से नियुक्त किये जाते हैं।
- आयोग का दायित्व भारत की नागरिक सेवाओं के परिदृश्य में **मानकीकरण** और **सामंजस्य** को आगे बढ़ाना है।
- **नागरिक सेवाओं के क्षमता निर्माण सुधारों** के संरक्षक के रूप में यह आयोग मिशन कर्मयोगी के संस्थागत ढाँचे में केंद्रीय भूमिका निभाता है।

## मिशन कर्मयोगी

- **मिशन कर्मयोगी** को भारत सरकार द्वारा सितंबर 2020 में राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम (NPCSCB) के रूप में लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य भारतीय **सिविल सेवकों** को अधिक **रचनात्मक**, **सक्रिय**, **पेशेवर**, **ऊर्जावान**, **पारदर्शी** और **प्रौद्योगिकी सक्षम** बनाकर भविष्य के लिये तैयार करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-chairperson-of-capacity-building-commission